(ग) यदि हां,तो सरकार इस संबंध में क्या करने का विचार रखती है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया) :

(क) केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के किसी छात्र अथवा उच्चर कक्षाओं की अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जनजातियों के छात्रों / छात्राओं से कोई शिक्षण शुल्क नहीं लिया जाता । कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्रों से भिन्न-भिन्न दर से शिक्षण शुल्क लिया जाता है जो उनके माता-पिता की आय के आधार पर होता है जैसे नीचे दिया गया है । इससे विद्यालयों के आन्तरिक संसाधन जुटाने में सहायता मिलती है ।

कक्षा	2000 रुपये तकवेतन	2000 रुपये से अधिक वेतन
9 और 10	15/-	25/-
11और12	20/-	30/-

(ख) और (ग) केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शासी बोर्ड ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अध्यक्ष को सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर,शुल्क संशोधन के बारे में निर्णय लेने के लिए प्राधिकृत किया है ।

गया जंक्शन से नई दिल्ली के लिए अलग रेलगाड़ी

3763. **श्रीमती मालती शर्मा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गया जंक्शन से नई दिल्ली के लिए कोई रेलगाड़ी नहीं है जिसके कारण नालन्दा,नवदा,जहानाबाद,औरंगाबाद और अन्य निकटवर्ती जिलों के यात्रियों को अत्यधिक कठिनाइयां पेश आ रही हैं ;

(ख) क्या यात्रियों की सुविधा के लिये गया जंक्शन से नई दिल्ली के लिये कोई अलग से रेलगाड़ी चलाने का प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं ,तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज) : (क) से (ग) गया और दिल्ली,राजधानी एक्सप्रेस गाड़ियों सहित 6 जोड़ी गाड़ियों से जुड़े हुए हैं । गया और दिल्ली के बीच नई गाड़ी चलाने की जांच की गई थी, परन्तु संसाधनों की तंगी के अलावा गया और दिल्ली दोनों स्टेशनों पर परिचालनिक कठिनाइयों तथा टर्मिनल / अनुरक्षण के कारण व्यवाहारिक नहीं पाया गया ।

Doubling of Dclhi-Moradabad-Lacknow rail track

3764. SHRIMATI MALTI SHARMA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have a proposal to lay double line on Delhi-Moradabad-Ramnagar and Delhi-Moradabad-Lucknow route;

(b) if so, by when and if not, the reasons therefor;

(c) whether Government are aware that the goods and passenger trains run late for many hours due to the single rail line and it causes unnecessary delay in transportation of goods; and

(d) if so, whether Government propose to make special provisions in the budget for conversion of these lines during the next three years so that the trains may run smoothly?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ): (a) to (d) On Delhi-Moradabad-Lucknow route, double line already exists between Lucknow and Morudabad and multiple lines already exist between Delhi and Ghaziabad. Between Ghaziabad and Moradabad, the justification for doubling has been accepted and in the first phase work has been taken up between Ghaziabad and Hapur. The remaining work would be taken up in the coming years. As regards Delhi-Ramnagar-Moradabad route, the position has been explained above as far as Dclhi-Moradabad section is concerned. Between Moradabad and Ramnagar the level of traffic is quite low and it does not warrant provision of double line at present.